


इसके साथ पीठ से जुड़ा कोई मामला है। फिजियों की रिपोर्ट मिलने के बाद ही इस बारे में स्पष्ट रुप से कहा जा सकता है -भुवनेश कुमार

भारतीय गेंदबाज दक्षिण अफ्रीका के विरुद्ध मैच के दौरान दिनेश कार्तिक के चोटिलहोने पर

# खेल जगत



**आज का खिलाड़ी** झूलन गोस्वामी



पूर्व भारतीय क्रिकेटर झूलन गोस्वामी ने कहा है कि वह संन्यास के बाद की योजनाओं पर विचार करने से पहले एक ब्रेक लेना चाहेंगी। झूलन ने शनिवार को बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, "मुझे संन्यास के बाद कुछ समय बिताने दो। मैंने नहीं सोचा है कि मैं क्या करूंगी।" चकदाह एक्सप्रेस झूलन ने पिछले महीने इंग्लैंड के खिलाफ खेली गई एकदिवसीय शृंखला के बाद अपने क्रिकेट करियर से विदा ली। सीएबी अध्यक्ष अभिषेक डालमिया और पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली ने गोस्वामी को इस कार्यक्रम में एक विशेष पुरस्कार से सम्मानित किया।

**क्या आप जानते हैं ?...** प्रथम श्रेणी क्रिकेट में सर्वाधिक व्यक्तिगत स्कोर का विश्व रिकॉर्ड ब्रायन लारा के नाम है। लारा ने 1994 में वारविकशायर की तरफ से डरबन के खिलाफ 501 रन की नाबाद पारी खेली।

# मिलर-मार्करम की जोड़ी ने प्रोटियाज को आखिरी ओवर में भारत पर दिलाई

## दक्षिण अफ्रीका पांच विकेट से जीता



पर्थ, 30 अक्टूबर। दक्षिण अफ्रीका ने लुंगी एनगिडी (29/4) की शानदार गेंदबाजी के बाद एडेन मार्करम (52) और डेविड मिलर (59) के अद्धर्शतकों की बदौलत भारत को टी20 विश्व कप 2022 के सुपर-12 मुकाबले में रविवार को पांच विकेट से मात दी।

भारत ने ग्रुप-2 के मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए दक्षिण अफ्रीका को 133 रन का लक्ष्य दिया। दक्षिण अफ्रीका ने यह लक्ष्य दो गेंदें रहते हुए हासिल कर लिया।

पर्थ की उछाल भरी पिच पर सूर्यकुमार यादव के अलावा सभी भारतीय बल्लेबाज असफल रहे। सूर्यकुमार ने 40 गेंदों पर छह चौकों और तीन छक्कों की मदद से 68 रन बनाये और भारत को 133 रन के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया।

दक्षिण अफ्रीका ने भी 134 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 10 ओवर में तीन विकेट के नुकसान पर 40 रन ही बनाये थे, लेकिन मिलर और मार्करम ने इसके बाद ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए मैच की काया पलट कर दी। दोनों ने चौथे विकेट के लिये 76 रन की साझेदारी करके मैच को प्रोटियाज की झोली में डाल दिया। मार्करम 16वें ओवर में आउट हो गये, लेकिन मिलर ने आखिरी ओवर की चौथी गेंद पर चौका लगाकर अपनी टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया।

स जीत के साथ दक्षिण अफ्रीका ग्रुप-2 के शीर्ष पर पहुंच गई है, जबकि भारत दूसरे स्थान पर है। भारत की जीत पर निर्भर पाकिस्तान सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो गई है।

भारत ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी लेकिन दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों ने पिच के उछाल का शानदार प्रयोग किया। लुंगी एनगिडी (29/4) ने भारत को शुरुआती झटके देते हुए रोहित शर्मा, लोकेश राहुल और विराट कोहली को आउट किया। एनरिक नॉर्खिया ने दीपक हुड्डा को शून्य पर आउट किया जबकि एनगिडी ने हार्दिक पांड्या को भी पवेलियन भेज दिया।

भारत के पांच विकेट 49 रन पर गिरने के बाद सूर्यकुमार ने पारी को संभाला। उन्होंने दिनेश कार्तिक के साथ 52 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की, जिसमें कार्तिक ने सिर्फ छह रन का योगदान दिया। सूर्यकुमार ने अपनी जुझारू पारी में छह चौकों और तीन छक्कों के साथ 68 रन बनाये, जबकि कोई और भारतीय बल्लेबाज 20 रन के आंकड़े को भी नहीं छू सका। पारी के 19वें ओवर में सूर्यकुमार आउट हो गये जबकि भुवनेश्वर कुमार (04 नाबाद) और अर्शदीप सिंह (02 नाबाद) ने भारत को 20 ओवर में 133/9 के स्कोर तक पहुंचाया।

दक्षिण अफ्रीका की ओर से एनगिडी ने चार ओवरों में 29 रन देकर चार विकेट झटके जबकि वेन पार्नेल ने चार ओवर में 15 रन देकर तीन विकेट हासिल किये। नॉर्खिया (चार ओवर, 23 रन) को एक विकेट प्राप्त हुआ।

भारत ने 133 रनों की रक्षा करते हुए शुरुआत में दक्षिण अफ्रीका को परेशान किया। अर्शदीप सिंह ने अपने पहले ओवर में क्विंटन डी कॉक और पिछले मैच के शतकवीर राइली रूसो को पवेलियन भेज दिया।

कप्तान टेम्बा बावुमा (10) ने एक बार फिर विकेट पर संघर्ष किया लेकिन असफल रहे। भारत ने कसी हुई गेंदबाजी के दम पर दक्षिण अफ्रीका को पहले 10 ओवरों में 40/3 के स्कोर पर रोका हुआ था। दक्षिण अफ्रीका को जब 60 गेंदों पर 94 रनों की आवश्यकता थी तब मिलर-मार्करम की जोडी ने हाथ खोलने का निर्णय लिया। दोनों बल्लेबाजों ने अगले चार ओवरों में 45 रन जोड़े। इस दौरान मार्करम को 35 रन पर दो जीवनदान भी मिले।

विराट कोहली ने 12वें ओवर में उनका कैच छोडा जबकि रोहित अगले ओवर में उन्हें रनआउट करने से चूक गए। मार्करम ने इसका लाभ उठाते हुए 15वें ओवर में अपना अद्धर्शतक पूरा किया, हालांकि वह अगले ओवर में वह आउट हो गये।

मार्करम ने आउट होने से पहले 41 गेंदों पर छह चौके और एक छक्का लगाकर 52 रन बनाये। ट्रिस्टन स्टब्स ने भी 18वें ओवर में अपना विकेट गंवाया, लेकिन मिलर ने अंत तक विकेट पर रहकर दक्षिण अफ्रीका की जीत सुनिश्चित की। मिलर ने 59 रनों की मैच जिताऊ पारी में 46 गेंदें खेलकर चार चौके और तीन छक्के जडे।

भारत को अपने अगले मुकाबले में बुधवार को बंगलादेश का सामना करना है, जबकि दक्षिण अफ्रीका का सामना गुरुवार को पाकिस्तान से होगा।

## हमने अच्छा खेल नहीं दिखाया, परिस्थितियां बहाना नहीं: रोहित

पर्थ, 30 अक्टूबर। पर्थ में बल्लेबाजी के लिए परिस्थितियां बेहद मुश्किल थी लेकिन भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका के हाथों टी20 विश्व कप में रविवार को मिली हार के लिए इसे बहाना नहीं बनाया जा सकता।

सूर्यकुमार यादव ने 40 गेंदों पर 68 रन की बेहतरीन पारी खेली लेकिन दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाजों ने तेज और उछाल भरी पिच पर भारतीयों की कमजोरी उजागर की और कम स्कोर वाले इस मैच में जीत हासिल की। उसकी तरफ से एडेन मार्कराम और डेविड मिलर ने अर्धशतक जमाए।

रोहित ने मैच के बाद कहा,"हम जानते थे कि पिच से तेज गेंदबाजों को मदद मिलेगी इसलिए 130 रन का लक्ष्य हासिल करना भी आसान नहीं था। मेरा मानना है कि हमने आखिर तक उन्हें कड़ी चुनौती दी लेकिन दक्षिण अफ्रीका ने आखिर में अच्छा खेल दिखाया।" उन्होंने कहा, "पिच ऐसी थी कि तेज गेंदबाजों को किसी भी समय विकेट मिल सकता था। मिलर और मार्कराम ने मैच विजेता साझेदारी निभाई। हमारा क्षेत्ररक्षण भी अच्छा नहीं रहा। हम इस तरह की परिस्थितियों में खेलते रहे हैं इसलिए परिस्थितियां कोई बहाना नहीं है। हम प्रत्येक विभाग में निरंतरता बनाए रखना चाहते हैं।"

दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेंबा बावुमा ने स्वीकार किया कि उनको छोड़कर टीम के अन्य बल्लेबाज अच्छी फॉर्म में चल रहे हैं।

उन्होंने कहा," केवल मुझे छोड़कर हमारे बाकी बल्लेबाज अच्छी फॉर्म में है। हमारे बल्लेबाजों ने सामूहिक प्रयास से मैच जीते हैं। दबाव की परिस्थितियों में अच्छा प्रदर्शन करने से हमारे खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ेगा।" बावुमा ने कहा, "हमने यहां खेले गए मैचों को देखा था और लेंथ पर फैसला किया था। असमान उछाल से हमें फायदा मिला। हम अपनी रणनीति को अमल में लाने में सफल रहे।" लुंगी एनगिडी ने 29 रन देकर चार विकेट लिए और उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। उन्होंने कहा कि वह अपने इस प्रदर्शन का लंबे समय तक आनंद लेते रहेंगे। एनगिडी ने कहा, "यह मेरा सबसे बड़ा सपना था कि मैं विश्वकप में इस तरह का पुरस्कार हासिल करूं और अपने देश को मैच जिताने में मदद करूं। मैं इस प्रदर्शन का लंबे समय तक लुत्फ उठाता रहूंगा।'

## भारत की हार से पाकिस्तान में मातम, अब पडोसियों का सेमीफाइनल में पहुंचना मुश्किल

पर्थ 30 अक्टूबर। टी-20 वर्ल्ड कप में रविवार रात भारत को पहली हार मिली और पाकिस्तान की आखिरी उम्मीद खत्म हो गई। दरअसल, टूर्नामेंट में बने रहने के लिए पाकिस्तानी टीम को अपने सारे बचे मुकाबले जीतने के साथ-साथ दूसरी टीमों की जीत-हार पर भी निर्भर रहना था। ऐसे में साउथ अफ्रीका के खिलाफ भारत की हार ने सेमीफाइनल की उसकी उम्मीदों को ध्वस्त कर दिया है। पाकिस्तान क्रिकेट टीम को टूर्नामेंट में दो लगातार हार झेलनी पड़ी, हालांकि आज नीदरलैंड्स को हराकर उसने वापसी की कोशिश जरूर की, लेकिन अब भारत की हार से खेला हो चुका है। समीकरण के अनुसार टीम इंडिया, साउथ अफ्रीका को नहीं हरा सकी। भारत को अब जिम्बाब्वे और बांग्लादेश से भिड़ना है। ऐसे में एक भी जीत उसे अंतिम चार में पहुंचा देगी। अब क्या है पाकिस्तान का समीकरण? पाकिस्तानी टीम ने आज दिन के दूसरे मुकाबले में नीदरलैंड्स को 37 गेंद रहते 6 विकेट से हराया था। अब उसे ग्रुप-2 की टेबल टॉपर साउथ अफ्रीका और उलटपेर करने में माहिर बांग्लादेश से भिड़ना है। यहां से यदि पाकिस्तान अपने दोनों बचे मैच जीत पाने में सफल भी रहता है तो भी उसके 6 अंक ही होंगे, लेकिन शायद नेट रन रेट की लड़ाई में वह दूसरी टीमों से पिछड़ जाएगा।

## 'नो-बॉल ड्रामा' पर विलियम्स ने कहा, बहुत अजीब रहा

ब्रिसबेन, 30 अक्टूबर। जिम्बाब्वे के अनुभवी बल्लेबाज सीन विलियम्स ने रविवार को यहां टी20 विश्व कप में अंतिम गेंद के 'नो-बॉल' करार किये जाने की घटना को 'अजीबोगरीब' करार दिया जिसमें बांग्लादेश ने तीन रन से जीत हासिल की।

इस अभूतपूर्व घटना में दोनों टीमों के खिलाडियों को डगआउट से वापस बुला लिया गया क्योंकि अंतिम गेंद को 'नो-बॉल' पाया गया।

विलियम्स ने कहा, "यह बहुत ही अजीब था। निश्चित रूप से हमने इससे पहले क्रिकेट मैच में ऐसा कुछ अनुभव नहीं किया था लेकिन टी20 मैच में थोडी उम्मीद होती है कि कुछ भी हो सकता है। "


उन्होंने कहा, "पहली बार मैंने देखा कि 'नो-बॉल' तब हुई जब हम अंपायर से हाथ मिलाने के लिये जा रहे थे और उन्होंने हमें रोक दिया और फिर रीप्ले बडी स्क्रीन पर आ गया। तभी हमने देखा कि यह एक 'नो-बॉल' थी। बहुत दिलचस्प रहा। "

बांग्लादेश के बल्लेबाज नजमुल हुसैन शांटो ने करियर की सर्वश्रेष्ठ 71 रन की पारी खेली। उन्होंने कहा, "हां, यह हमारे लिये बिलकुल नया तरह का अनुभव था। लेकिन हम जानते थे कि हम अच्छा कर सकते हैं इसलिये मोसादेक ने दबाव में बहुत अच्छी गेंदबाजी की। ईमानदारी से कहूं तो थोड़े नर्वस थे। लेकिन हमें भरोसा था कि हम कर सकते हैं। "

बांग्लादेश अब 'नेगेटिव' रन रेट से तालिका में दूसरे स्थान पर हैं, इस पर शांटो ने कहा, "नहीं, हम रन रेट के बारे में नहीं सोच रहे हैं।

हम मैच जीतने के बारे में सोच रहे हैं। हां, हम नहीं सोच रहे कि नेट रन रेट इस टूर्नामेंट का हिस्सा होगा लेकिन हमारा ध्यान सिर्फ मैच जीतने पर लगा है। "

# पाकिस्तान ने टी20 विश्व कप की पहली जीत दर्ज की



## नीदरलैंड को 6 विकेट से हराया

पर्थ, 30 अक्टूबर। पाकिस्तान ने शादाब खान (22/3) की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत नीदरलैंड को टी20 विश्व कप 2022 के सुपर-12 मुकाबले में रविवार को छह विकेट से हराया।

नीदरलैंड ग्रुप-2 के मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए सिर्फ 91 रन ही बना सकी। पाकिस्तान ने 92 रन के लक्ष्य को 13.5 ओवरों में चार विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। पाकिस्तान के कप्तान बाबर आज़म लक्ष्य का पीछा करते हुए चार रन पर रनआउट हो गये, हालांकि मोहम्मद रिज़वान ने इस जीत में 49(39) रन का योगदान दिया। उन्होंने फ़ख़र ज़मान (20) के साथ 37 रन जबकि शान मसूद (12) के साथ 30 रन की साझेदारी की। इफ्तिखार अहमद ने छह रन बनाये जबकि शादाब खान ने 14वें ओवर में चौका लगाकर पाकिस्तान को जीत दिलाई। पाकिस्तान तीन में से दो मैच हारकर टी20 विश्व कप 2022 से लगभग बाहर हो चुकी है और उसकी सेमीफाइनल की उम्मीदें ज़िम्बाब्वे और दक्षिण अफ्रीका की हार पर निर्भर हैं। इससे पूर्व, नीदरलैंड ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी लेकिन उनके पास पाकिस्तानी गेंदबाजी का कोई जवाब नहीं था। डच टीम ने शाहीन शाह अफ़रीदी की गेंद पर सलामी बल्लेबाज स्टेफन माइबर्ग का विकेट गंवाने के साथ छह ओवर में सिर्फ 19 रन बनाये जो इस टूर्नामेंट में पावरप्ले का सबसे छोटा स्कोर है। इस दौरान अनुभवी ऑलराउंडर बास डी लीड, हारिस रऊफ की बाउंसर पर चोटग्रस्त होकर रिटायर हो गये। शादाब ने सधी हुई गेंदबाजी से मैक्स ओडाउड और टॉम कूपर का विकेट निकाला। कॉलिन ऐकरमैन (27) अच्छी लय में दिख रहे थे लेकिन शादाब ने उन्हें भी पवेलियन भेज दिया। नीदरलैंड के चार विकेट 61 रन पर गिरने के बाद पाकिस्तान के तेज गेंदबाजों ने मोर्चा संभाल लिया।

नसीम शाह ने स्कॉट एडवर्ड्स का विकेट निकाला जबकि हारिस ने रोलोफ़ वैन डर मर्वे को बोल्ड किया। मोहम्मद वसीम जूनियर ने 19वें ओवर में टिम प्रिंगल और फ्रेड क्लासेन को लगातार गेंदों पर आउट किया, हालांकि वह हैट्रिक पूरी नहीं कर सके। नीदरलैंड ने आखिरी ओवर में वैन मीकरन का विकेट गंवाते हुए 91/9 का स्कोर खड़ा किया। दोनों टीमें अपना तीसरा मैच खेलते हुए टूर्नामेंट की पहली जीत तलाश रही हैं।

# पुणे हाफ मैराथन ने 28 लाख के पुरस्कार की घोषणा की

पुणे, 30 अक्टूबर। बजाज आलियांज़ पुणे हाफ मैराथन ने अपने तीसरे संस्करण के लिये कुल 28 लाख रुपये की पुरस्कार राशि की घोषणा की है।

आयोजकों ने रविवार को जारी एक विज्ञप्ति में बताया कि अलग-अलग श्रेणियों में राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ने वाले खिलाड़ियों के लिये कुल 10 लाख रुपये की पुरस्कार राशि निर्धारित की गई है।

दो साल के अंतराल के बाद आयोजित इस प्रतियोगिता में हाफ मैराथन (21.1 किमी), 10 किमी दौड़, पांच किमी दौड़ और तीन किमी (पारिवारिक और मनोरंजक) दौड सहित चार श्रेणियां शामिल हैं।

एपीजी रनिंग एवं फिटपेज के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) विकास सिंह ने पुणे हाफ मैराथन के तीसरे संस्करण की आधिकारिक घोषणा करते हुए कहा, हमें बहुप्रतीक्षित पुणे हाफ मैराथन की वापसी की घोषणा करते हुए बहुत खुशी हो रही है।

हम अपने प्रतिभागियों, कार्यकर्ताओं और दर्शकों से वादा करते हैं कि उनके दो साल के इंतजार को इस साल सर्वश्रेष्ठ अनुभव के साथ सार्थक बनाया जाएगा। इसके अलावा, हम पहली बार प्रतिभागियों के लिये फिटपेज ऐप पेश कर रहे हैं। यह सुनिश्चित करेगा कि प्रतिभागी अपने वर्तमान फिटनेस स्तर को बेहतर ढंग से समझें और प्रत्येक व्यक्ति के लिए सबसे उपयुक्त तरीकों का उपयोग करके प्रशिक्षण शुरू करें। हमें विश्वास है कि तीसरा पुणे हाफ मैराथन सफल होगा।"

पुणे हाफ मैराथन के पहले संस्करण में 15,000 से अधिक पंजीकरण हुए जबकि 2019 में आयोजित दूसरे संस्करण में 20,000 से अधिक लोगों ने भाग लिया था।

# रोमांचक मुकाबले में तीन रन से जीता बंगलादेश

ब्रिस्बेन, 30 अक्टूबर। बंगलादेश ने नजमुल हुसैन शान्तो (71) की अद्धर्शतकीय पारी के बाद तस्कीन अहमद (19/3) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत ज़िम्बाब्वे को टी20 विश्व कप 2022 के रोमांचक मुकाबले में रविवार को तीन रन से मात दी।

बंगलादेश ने सुपर-12 मुकाबले में ज़िम्बाब्वे को 151 रन का लक्ष्य दिया, जिसके जवाब में ज़िम्बाब्वे 147 रन ही बना सकी।

लक्ष्य का पीछा करते हुए ज़िम्बाब्वे की आधी टीम 69 रन पर पवेलियन लौट गई थी लेकिन शॉन विलियम्स और रायन बर्ल ने शेवरन्स की ओर से शानदार संघर्ष किया। दोनों के बीच छठे विकेट के लिये हुई अद्धर्शतकीय साझेदारी ने टीम को लक्ष्य के करीब पहुंचा दिया था, हालांकि 19वें ओवर में विलियम्स के रनआउट होने से मैच बंगलादेश के पाले में पहुंच गया।

आखिरी ओवर में ज़िम्बाब्वे को 16 रनों की दरकार थी। दूसरी गेंद पर ब्रैड इवान्स के आउट होने के बाद रिचर्ड नगारवा ने तीसरी और चौथी गेंद पर एक चौका और एक छक्का जड़ा, लेकिन पांचवी गेंद पर वह भी स्टंप आउट हो गये। ज़िम्बाब्वे को जब एक गेंद पर पांच रन चाहिये थे तब विकेटकीपर नूरुल हसन ने ब्लेसिंग मुज़रबानी को स्टंप करने के प्रयास में गेंद को विकेट के आगे से ही पकड लिया, जिसके कारण इसे नो-बॉल करार दिया गया। थर्ड अंपायर के फैसला सुनाने के बाद हाथ मिलाकर मैदान से बाहर जा चुके खिलाडी वापस आये, हालांकि इस बार भी मुज़रबानी गेंद को नहीं छू सके और बंगलादेश ने तीन रन से मैच जीत लिया।

इससे पूर्व, बंगलादेश ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए धीमी शुरुआत की। टीम के दो विकेट 32 रन पर गिरने के बाद शान्तो ने कप्तान शाकिब अल हसन के साथ 54 रन की साझेदारी की। शाकिब ने 20 गेंदों पर एक चौका लगाकर 23 रन बनाये जबकि शंटो ने 55 गेंदों पर सात चौकों और एक छक्के की बदौलत 71 रन की पारी खेली।

शान्तो ने अपना अद्धर्शतक पूरा करने के बाद 16वें ओवर में हाथ खोलकर ब्रैड इवान्स को एक छक्का और दो चौके जड़े, हालांकि अगले ओवर में वह आउट हो गये। इसके बाद अफीफ ने 19 गेंदों पर एक चौके और एक छक्के के साथ 29 रन बनाकर बंगलादेश को 150/7 के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया।

ज़िम्बाब्वे की ओर से ब्लेसिंग मुज़रबानी ने 13 रन देकर दो विकेट लिये, हालांकि उन्होंने दो ही ओवर फेंके। इसके अलावा रिचर्ड नगारवा ने चार ओवर में 24 रन देकर दो विकेट लिये जबकि सिकंदर रज़ा और शॉन विलियम्स को एक-एक विकेट हासिल हुआ।

लक्ष्य का पीछा करते हुए ज़िम्बाब्वे की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उन्होंने 36 रन पर ही चार विकेट गंवा दिये। तस्कीन अहमद ने वेस्ले माधेवेरे और क्रेग इरविन को आउट किया जबकि मुस्ताफिज़ुर रहमान ने मिल्टन शुम्बा के साथ-साथ अच्छी फॉर्म में चल रहे सिकंदर रज़ा को भी पवेलियन भेज दिया। विकेटकीपर रेजिस चकाब्वा ने 19 गेंदों पर 15 रन बनाकर विकेट पर कुछ समय बिताया लेकिन तस्कीन ने उन्हें आउट करके 12वां ओवर मेडेन फेंका और दबाव वापस ज़िम्बाब्वे पर आ गया।

इसके बाद विलियम्स और रायन बर्ल ने छठे विकेट के लिये 63 रन जोड़कर ज़िम्बाब्वे को जीत के करीब पहुंचाया, हालांकि शाकिब ने 19वें ओवर में विलियम्स का विकेट लेकर सिर्फ 10 रन दिये। आखिरी ओवर में नगारवा ने दो गेंदों पर 10 रन जोड़े लेकिन ज़िम्बाब्वे लक्ष्य से चार रन दूर रह गई।

इस जीत के साथ बंगलादेश ग्रुप-2 की अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है, जबकि ज़िम्बाब्वे चौथे पायदान पर है। ज़िम्बाब्वे का अगला मुकाबला बुधवार को नीदरलैंड से है जबकि बंगलादेश इसी दिन भारत का सामना करेगी।

## हम और बेहतर तरीके से लक्ष्य हासिल कर सकते थे: बाबर

पर्थ, 30 अक्टूबर। पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम टी20 विश्व कप में पहली जीत दर्ज करके राहत महसूस कर रहे हैं लेकिन उन्होंने कहा कि नीदरलैंड के खिलाफ छोटे लक्ष्य को और बेहतर तरीके से हासिल किया जा सकता था। पाकिस्तान ने नीदरलैंड को नौ विकेट पर 91 रन पर रोक दिया था लेकिन इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए उसने चार विकेट गंवाए। आजम ने मैच के बाद कहा," मैं बहुत खुश हूं। टीम ने बल्ले और गेंद दोनों से अच्छा प्रदर्शन किया। मुझे लगता है कि लेंथ महत्वपूर्ण है। हमें अच्छी लेंथ से गेंदबाजी करने की जरूरत थी क्योंकि पिच में तेजी और उछाल थी। हर किसी ने रणनीति के अनुसार काम किया।" उन्होंने कहा, "मेरे विचार में हम इससे बेहतर तरीके से लक्ष्य हासिल कर सकते थे लेकिन जीत से हमेशा आपका मनोबल बढता है। हम इस मैच के सकारात्मक पहलुओं के साथ अगले मैच में उतरेंगे।"नीदरलैंड के कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स ने पहले बल्लेबाजी करने के अपने फैसले को सही ठहराया। उन्होंने कहा," वह


**तीये की बैठक**



मेरी पूजनीय माताजी **श्रीमती हेमलता लेडवानी** (धर्मपत्नी स्वर्गीय श्री नानक राम लेडवानी) का आकस्मिक स्वर्गवास 29.10.22 को हो गया। तीये की बैठक (जनाना-मर्दाना), 31.10.22 को सांयकाल 04:30 बजे, श्री झूलेलाल मंदिर, सेक्टर- 5, जवाहर नगर, जयपुर पर होगी।

**शोकाकुल-** ज्योति- दीपक लेडवानी (पुत्रवधू- पुत्र) मनन, दिव्यांशी (पौत्र, पौत्री) एवं समस्त लेडवानी परिवार। 7240717179

**खोया पाया**

मेरा प्लाट संख्या 85/498 का आर.एच.बी. प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर द्वारा जारी डिमाण्ड लेटर एवं रसीद मुझसे कही गुम हो गई है मिलने पर सूचित करें 9214904433


# पंजाब, विदर्भ और सौराष्ट्र सैयद मुश्ताक अली टूर्नामेंट के क्वार्टरफाइनल में

कोलकाता, 30 अक्टूबर। पंजाब, विदर्भ और सौराष्ट्र ने रविवार को यहां अपने अपने मैच जीतकर सैयद मुश्ताक अली ट्राफी टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

पंजाब ने प्री क्वार्टर फाइनल में हरियाणा को 49 रन से हराया। पंजाब ने पहले बल्लेबाजी का न्यौता मिलने पर प्रभसिमरन सिंह की 36 गेंदों पर 64 रन की पारी और अभिषेक शर्मा के नाबाद 55 रन की मदद से उसने सात विकेट पर 176 रन बनाए।

हरियाणा की टीम इसके जवाब में नौ विकेट पर 127 रन ही बना पाई। उसकी तरफ से निशांत सिंधु ने सर्वाधिक 42 रन बनाए। पंजाब के लिए बलतेज सिंह ने तीन जबकि सिद्धार्थ कौल और मयंक मार्कंडेय ने दो-दो विकेट लिए।

विदर्भ ने एक अन्य मैच में छत्तीसगढ़ को आठ गेंद शेष रहते हुए पांच विकेट से हराया।

उमेश यादव (27 रन देकर तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी से विदर्भ ने छत्तीसगढ़ को नौ विकेट पर 111 रन ही बनाने दिए।

छत्तीसगढ़ के लिए कप्तान हरप्रीत सिंह ने 27 और अमनदीप खरे ने 25 रन का योगदान दिया।

विदर्भ ने सलामी बल्लेबाज संजय रघुनाथ की 63 रन की पारी की मदद से 18.4 ओवर में पांच विकेट पर 112 रन बनाकर जीत दर्ज की।

सौराष्ट्र ने एक अन्य मैच में केरल को नौ रन से हराया। सौराष्ट्र ने पहले बल्लेबाजी करते हुए शेल्डन जैकसन के 64 रन की मदद से छह विकेट पर 183 रन बनाए और फिर केरल को चार विकेट पर 174 रन पर रोक दिया।

केरल की तरफ से सचिन बेबी ने 64 और संजू सैमसन ने 59 रन बनाए।

क्वार्टर फाइनल में पंजाब का सामना कर्नाटक से, विदर्भ का दिल्ली से,सौराष्ट्र का मुंबई से और हिमाचल प्रदेश का बंगाल से होगा।

# चेन्नई 2023 में स्क्वाश विश्व कप की मेजबानी करेगा

चेन्नई, 30 अक्टूबर। विश्व स्क्वाश महासंघ (डब्ल्यूएसएफ) की अध्यक्ष जेना वूलड्रिज ने रविवार को कहा कि चेन्नई 2023 में नये रूप में स्क्वाश विश्व कप की मेजबानी करेगा।

उन्होने यह भी कहा कि शहर 2025 विश्व कप चरण की मेजबानी भी कर सकता है। भारतीय स्क्वाश रैकेट्स महासंघ (एसआरएफआई) के साथ कई वर्षों के समझौते पर करार के बाद नये रूप का विश्व कप 2023 में आयोजित किया जायेगा। डब्ल्यूएसएफ की यहां कांफ्रेंस और आम सालाना बैठक के मौके पर बात करते हुए वूलड्रिज ने कहा कि विश्व कप 2011 के बाद से आयोजित नहीं किया गया है, जो अब संभवत: मिश्रित टीम टूर्नामेंट हो सकता है।

उन्होंने कहा, "हमें नये विश्व कप को चेन्नई में लाने का समर्थन मिला है। हम इसे (विश्व कप) को पहले कराते थे लेकिन 2011 के बाद से यह आयोजित नहीं हुआ है। अब यह बदले रूप में होगा, योजना है कि इसे एक मिश्रित टीम प्रतियोगिता बना दिया जाये। हमने अभी क्वालीफिकेशन के मानंदडों पर फैसला नहीं किया है। " उन्होंने यह भी कहा कि विश्व कप के अलावा डब्ल्यूएसएफ शहर में 2024 में विश्व युगल टूर्नामेंट की मेजबानी कराने के बारे में भी विचार कर रहा है।